卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 335 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦10 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## धामी कैबिनेट की बैठक में छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर

### नियोजित कॉलोनी और व्यावसायिक निर्माण के लिए रूद्रपुर में जिला विकास प्राधिकरण को ९.९१८ हेक्टेयर भूमि आवंटित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कुल छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में विशेष रूप से राजधानी देहरादून में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के गठन को हरी झंडी दी गई है। सरकार ने यह कदम देहरादून शहर में ई-बस सेवा, प्रधानमंत्री ई-बस योजना और वर्तमान नगर बस संचालन को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से उठाया है। इसके तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना की जाएगी,जो शहर के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाएगा। मंत्रिमंडल ने पशुपालन विभाग की ओर से पेश की गई कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दी है। यह योजना प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कुक्कुट पालकों को कुक्कुट फीड पर 10 रुपए प्रति किलो की सब्सिडी प्रदान करेगी।



इस पहल का मुख्य उद्देश्य पोल्ट्री मीट और अंडों की कमी को दूर करना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और पलायन रोकना है। योजना के तहत शुरुआती वर्ष 2025-26 में बॉयलर फार्म योजना के तहत 816 और कुक्कुट वैली स्थापना योजना के तहत 781 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा, तथा कुल 2 करोड़ 83 लाख 85 हजार रुपए की आहार सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यह योजना अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चंपावत, पौड़ी, बागेश्वर, टिहरी और रुद्रप्रयाग जैसे नौ पर्वतीय जिलों के कुक्कुट पालकों को सीधे लाभ पहुँचाएगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने उधम सिंह नगर जिले में नियोजित कॉलोनी और व्यावसायिक निर्माण के लिए ग्राम फाजलपुर महरौला में 9.918 हेक्टेयर भूमि को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को आवंटित करने का निर्णय लिया। इसी प्रकार, उच्च न्यायालय उत्तराखंड में अधिवक्ता कार्यालय में वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव और आशुलिपिक के दो पदों को सृजित करने की मंजूरी भी दी गई। (शेष पृष्ठ 7 पर)

## टेलीग्राम पर झांसा देकर 1.23 लाख ठगे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साईबगर ठगों ने टेलीग्राम के माध्यम से झांसा देकर एक व्यक्ति के खातों से 1.23 लाख से अधिक की रकम उड़ा ली। शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमेन गोरोई, पुत्र खागेन गोरोई, निवासी लोक विहार कालोनी, रुद्रपुर ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को उनके बैंक खातों से विभिन्न राशि के रूप में कुल 1,23,950 रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फॉड टेलीग्राम के माध्यम से निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि धोखेबाज व्यक्ति ने उन्हें कम निवेश करके (शेष पृष्ठ 7 पर)

## शेयर बाजार निवेश के नाम पर 1.07 करोड़ की ठगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कुमाऊं रेंज के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर में एक बड़े साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज हुआ है। रुद्रपुर निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर उनके साथ 1,07,25,100 की ठगी की गई है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पहले 5 सितम्बर को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी, जिसकी पावती संख्या 23509250009110 है। इसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस में आवेदन दिया। मनोज गुप्ता के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन विज्ञापन के माध्यम से कुछ लोगों से संपर्क हुआ, जिन्होंने खुद को फिनवेसिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया। इन लोगों ने उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप 107 ग्रोथ सर्कल में जोड़ा और शेयर बाजार निवेश की सलाह देने लगे। 7 जुलाई 2025 को उन्हें एक मोबाइल एप 'शूनएक्सएचएनआई' डाउनलोड कर ट्रेडिंग करने के लिए कहा गया। इस ऐप के माध्यम से 'वीआईपी प्रोग्राम' में शामिल होने का झांसा देकर न्यूनतम 50% लाभ और 10% कमीशन का वादा किया गया। पीड़ित ने 7 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच कथित कंपनी के बताए गए खातों में एक करोड़ सात लाख से अधिक की रकम जमा कर दी। हालांकि, उन्हें केवल एक बार ६5,000 निकालने को मिले, इसके बाद उनका पैसा अलग-अलग योजनाओं में फंसा दिया गया और निकासी असंभव बना दी गई। 3 सितम्बर को पीड़ित को व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड, ऐप स्क्रीनशॉट और व्हाट्सएप चौट को साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराया है। मामला दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ठगी की यह साजिश सुनियोजित तरीके से संचालित की गई थी और इसमें कई मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल हुआ। पुलिस ने संबंधित खातों और एप्लीकेशन कीजांच शुरू कर दी है।

## साईबर ठगों ने चार खातों से 1.92 लाख रूपये उड़ाये

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति के बैंक खातों से करीब दो लाख रूपये की अनधिकृत निकासी होने की सूचना पर पुलिस ने साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरेन्द्र चन्द्र पुत्र पूरन चन्द्र, निवासी मकान संख्या एच-1, देव होम्स, बिगवाड़ा ने बताया कि 27 जुलाई 2025 की शाम लगभग 7:30 बजे उनके विभिन्न चार बैंक खातों से कुल 1,92,800 रुपये की राशि बिना उनकी जानकारी और अनुमति के निकाल ली गई। पीड़ित के अनुसार, येस बैंक से 1,00,000 रुपये, पंजाब नेशनल बैंक, फरीदाबाद से 60,000 रुपये, केनरा बैंक फरीदाबाद से 12,000 रुपये और केनरा बैंक रुद्रपुर शाखा से 20,800 रुपये निकाल लिये गये। नरेन्द्र ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने किसी भी बैंक खाते की पासवर्ड, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं की थी। पीड़ित ने मामले में संबंधित बैंकों में शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी प्रतियां पुलिस को भी प्रस्तुत की गई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस साइबर ठगी के इस मामले की पड़ताल में जुटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सभी संबंधित बैंकों और (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला युवक

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के पंखे के कुंडे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर तीन, ए ब्लॉक ट्रांजिट कैंप में किराए पर रह रहे शिव कुमार (पुत्र कृष्ण मोहन), निवासी ग्राम लगमा, थाना घनश्यामपुर, जनपद दरभंगा, बिहार, का शव फंदे से लटका मिला। वह रुद्रपुर में किराए पर रहकर एक कंपनी में काम करता था। सूचना मिलने पर एसआई महेश कांडपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी है।पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। मकान मालिक द्वारा जबरन किराएदार का सामान बाहर निकालने और सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर भी जांच की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि यदि जांच में मकान मालिक की लापरवाही या दबाव सामने आया तो कार्रवाई की जाएगी।इधर, घटना स्थल पर यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि मृतक का मकान मालिक से विवाद हुआ था और (शेष पृष्ठ सात पर)

## पंत जयंती पर पंडित गोविन्द बल्लभ पंत को किया नमन

देहरादून/ पंतनगर। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लाी पंत को आज उनकी जयंती पर प्रदेश भर में नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहते हुए पं. गोविंद बल्लभ पंत जी की आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विचार हमें सदैव जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।





**पंतनगर**- भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरान्त विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण एवं संकाय सदस्यों द्वारा भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पंडित पंत जी को नमन किया गया।अपने संबोधन में गणेश जोशी ने कहा कि पंडित पंत न केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता भी थे। उन्होंने कहा कि पंडित पंत जी ने शिक्षा, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आधारभूत कार्य कर समाज को नई दिशा दी। पंडित पंत जी के आदर्श हमें राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का नाम भारतीय लोकतंत्र और जनसेवा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना में भी उनके दृष्टिकोण की झलक मिलती है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## एडीएम ने किया तहसील भवन का निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बुधवार को तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुराने और जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर नया और आधुनिक तहसील भवन बनाया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। नक्शा भी तैयार कर लिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय द्वारा तहसील के भवनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। तहसील के जर्जर भवनों को पुनरुद्धार की प्रक्रिया प्रारंभिक की जा चुकी है। एडीएम ने बताया कि तहसील परिसर में बेहतर



सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। सड़क चौड़ीकरण के तहत अस्पताल मोड़ से लेकर कोतवाली गेट तक सड़क को चौड़ा किया जाएगा ताकि लोगों को यातायात संबंधी परेशानी न हो। इसके साथ ही तहसील आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्थित जगह भी बनाई जाएगी। पार्किंग की कमी के कारण अक्सर लोगों को सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पड़ते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।एडीएम ने कहा कि नए भवन का निर्माण होने से आमजन को सुविधाजनक माहौल मिलेगा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## वाहनों की फिटनेस के नये नियम से उबाल

### वाहन स्वामियों ने किया १८ सितम्बर से हड़ताल का ऐलान

रामनगर(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की फिटनेस संबंधी नियमों और प्रक्रियाओं को लेकर लंबे समय से नाराज वाहन स्वामियों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान रामनगर और आसपास के क्षेत्रों के वाहन स्वामियों ने आरोप लगाया है कि सहायक परिवहन अधिकारी का कार्यालय रामनगर में होने के बावजूद फिटनेस प्रक्रिया हल्द्वानी में कराई जा रही है, जबकि पहले यह कार्य रामनगर में ही होता था। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी जाकर फिटनेस कराने से उन्हें



न केवल अतिरिक्त समय और परेशानी उठानी पड़ती है, बल्कि फिटनेस कराने वालों द्वारा निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे वाहन स्वामियों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। वाहन स्वामियों ने कहा कि अब वे इस अनुचित प्रथा को सहन नहीं करेंगे और फिटनेस की (शेष पृष्ठ सात पर)

"भारत रत्न"
पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त



(10 सितम्बर 1887 - 7 मार्च 1961)

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक की जयंती पर

उत्तराखण्ड वासियों की ओर से शत्-शत् नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


# हिमालय के संरक्षण के लिए विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन जरूरी: सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में हिमालय बचाओ अभियान-2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने हिमालय और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान अब जन-जन का अभियान बन चुका है। जिससे जुड़कर लोग हिमालय की रक्षा करने के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमालय हमारे देश की आत्मा, संस्कृति और प्रकृति की अनुपम धरोहर है। इससे निकलने वाली जीवनदायिनी नदियां करोड़ों लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के साथ ही ऊर्जा का प्रमुख स्रोत भी हैं। हिमालय में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियां और जीव-जंतु भी हमारे पर्यावरण की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के संरक्षण के लिए विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन जरूरी है, जिस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। आज जलवायु से परिवर्तन एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वन संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य कर रही है। पौध रोपण, जल संरक्षण अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम हिमालय के संरक्षण की दिशा में नियमित प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में पर्यटन एक प्रमुख आर्थिक गतिविधि है। राज्य सरकार द्वारा सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही राज्य में प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम प्रारम्भ किया



गया। इस एक छोटी सी पहल से हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सफलता मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय को संरक्षित करने के लिए हमें और अधिक कार्य करने होंगे। हिमालयी क्षेत्र में रहने वाले हमारे लोगों की ज्ञान, परंपराएं और जीवनशैली कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीवन जीना सिखाती है। उनके अनुभवों और पारंपरिक ज्ञान को पर्यावरण संरक्षण नीति में भी सम्मिलित करना चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति हिमालय संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी हम इस अनमोल धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख पाएंगे।

# धामी ने पूर्व सीएम बीसी खंडूरी का जाना हाल

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मैक्स हॉस्पिटल में जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के स्वास्थ्य का हालचाल जानामुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून स्थित मैक्स हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता श्री भुवन चंद्र खंडूरी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। श्री खंडूरी वर्तमान में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अस्पताल में उपचाररत हैं।मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से श्री खंडूरी के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने उनसे भी श्री खंडूरी के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली।



## सीएम ने पंत जयंती पर किया पंडित पंत का भावपूर्ण स्मरण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत का उनकी जयंती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत का प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

## धोखाधड़ी व जमीन विवाद के मामलों में केस दर्ज किए

किच्छा ।थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला ऑनलाइन धोखाधड़ी का है, जिसमें अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सएप लिंक भेजकर किच्छा निवासी अश्वनी पाण्डेय से दो लाख सोलह हजार छियानवे रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक बसन्त प्रसाद को सौंपी है। इस मामले में पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी का पता लगाने में जुटी है। कोतवाली पुलिस ने एक अन्य जमीन से जुड़े विवाद में भी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम किशनपुर निवासी प्रेम सिंह की तहरीर पर नरेन्द्र सिंह रौतेला सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि अभियुक्तगणों ने वादी की जमीन का सौदा कर आंशिक भुगतान किया, लेकिन बाद में जमीन को किसी अन्य के नाम रजिस्ट्री कर दी। इतना ही नहीं, वादी को दबाव में लेकर किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही न करने की धमकी भी दी गई। इस मामले की जांच भी उप निरीक्षक बसन्त प्रसाद को सौंपी गई है। हालांकि इस प्रकरण में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# नंदा देवी शिखर पर्वतारोहण के लिए खोले जाने पर विचार, 25 नई योजनाओं पर होगा काम

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक धरोहर को पर्यटन से जोड़ते हुए राज्य में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित स्थलों पर स्थित वन विश्राम गृहों को ईको एवं नेचर कैंप के रूप में विकसित किया जाए, ताकि पर्यटकों को प्रकृति के करीब ले जाकर उन्हें अनूठा अनुभव प्रदान किया जा सके।मुख्य सचिव ने कहा कि नंदा देवी शिखर को पर्वतारोहण अभियानों के लिए खोले जाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। साथ ही पर्वतारोहण नीति की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार नई नीति तैयार की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि ट्रैकिंग नियमों को शीघ्र लागू करते हुए इससे जुड़ी सभी अनुमतियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम आगामी 15 नवंबर तक संचालित कर दिया जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य में ईको टूरिज्म की संभावनाओं को साकार करने के लिए 25 नई योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा। इन स्थलों को मसूरी के जबरखेत नेचर रिजर्व की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले फॉरेस्ट टूरिस्ट लंबे समय तक रुक सकें और समृद्ध अनुभव के साथ वापस लौटें।मुख्य सचिव ने ऋषिकेश के निकट प्रसिद्ध ''चौरासी कुटिया (बीटल्स आश्रम)'' के पुनर्विकास पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से और आकर्षक बनाया जाए तथा यहां से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और संदर्भों को ऋषिकेश और कोलकाता से संकलित कर प्रदर्शित किया जाए।बैठक में मुख्य वन संरक्षक पी.के. पात्रो ने ईको टूरिज्म की प्रगति और प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव वन सी. रविशंकर, अपर सचिव विनीत कुमार, अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव) विवेक पांडेय, मुख्य वन संरक्षक पी.के. पात्रो और अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




## उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-२६३१४८

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना

समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम महाराजपुर, लालपुर से गुजर रही विद्युत साईन को स्थानान्तरित करने का कार्य प्रस्तावित है। जिस हेतु निम्न सारणी अनुसार उपरोक्त पोषक की विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अत: सभी सम्बन्धित सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | पोषक का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33 के0वी0 एस0आर0 होण्डा | 14.09.2025 | प्रात: 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक | सम्बन्धित पोषकक से पोषित होने वाले समस्त औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता |

Customer Care Toll Free No- 1912
"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

पत्रांक: 4056 /वि0वि0ख0-(कि0) दिनांक: 09.09.2025

अधिशासी अभियन्ता

# रामनगर में साइबर ठगी और धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज

रामनगर(उद संवाददाता)।साइबर अपराध और धोखाधड़ी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। रामनगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में पीड़ितों से कुल मिलाकर चार लाख पचास हजार रुपये से अधिक की ठगी की गई है। पहले मामले में हरजिन्दर पाल पुत्र सरजीत, निवासी बेरिया पोस्ट आरटीसी हेमपुर ने तहरीर दी कि आरोपी विशाल पुंडीर निवासी शिमलाना, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे घ3,25,000 की धोखाधड़ी की। इस पर पुलिस ने एफआईआर संख्या 329/25, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। दूसरे मामले में श्रद्धा सिंघल पुत्री अरविन्द कुमार सिंघल, निवासी जसपुरिया लाइन, रामनगर ने शिकायत दर्ज कराई कि साइबर ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से घ79,481 और डेबिट कार्ड से घ1,00,067.60 की राशि निकाल ली। इस आधार पर थाना रामनगर में एफआईआर संख्या 331/25, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की जांच करने पर ठगी की घटनाएं सत्य पाई गईं। उन्होंने कहा कि पहले मामले में लगभग साढ़े तीन लाख और दूसरे मामले में करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी हुई है। दोनों मामलों में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। कोतवाल ने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन ऑफर या नौकरी दिलाने के झांसे में न आएं और साइबर अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के नेटवर्क और ठगी के तरीकों की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कमिश्नर ने स्टेडियम में फेंसिंग प्रतियोगिता का किया निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आयोजित फेंसिंग प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं और उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली।आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में उन्होंने निदेशक खेल को स्टेडियम में लगे सभी उपकरणों का एएमसी कराने के निर्देश को दिए। साथ ही, इंडोर स्टेडियम में एसी के तापमान की निगरानी हेतु टेम्परेचर मॉनिटरिंग डिवाइस लगाने के निर्देश भी दिए।उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के उपकरणों के दीर्घकालीन रखरखाव हेतु शासन से अनुरोध किया गया है कि इसके लिए सरकार अथवा पेशेवर संस्थानों को अधिकृत किया जाए, ताकि उपकरणों का सही और समयबद्ध रखरखाव हो सके। गौरतलब है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में फेंसिंग प्रतियोगिता 8 सितम्बर से 12 सितम्बर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देश के 26 राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।निरीक्षण के अवसर पर फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव राजीव मेहता, उपनिदेशक खेल रशिका सिद्दीकी,जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, तहसीलदार मनीषा बिष्ट सहित खिलाड़ी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।





# भाजयुमो प्रदेश मंत्री विपिन पांडे पार्टी से निष्कासित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक अनुशासन का कड़ा संदेश देते हुए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए पार्टी से बाहर कर दिया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के स्पष्ट निर्देश पर की गई इस कार्रवाई की आधिकारिक घोषणा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत द्वारा की गई। रावत ने साफ किया कि विपिन पांडे के खिलाफ विगत काफी समय से अनुशासनहीनता से जुड़ी गंभीर शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को संगठन ने हल्के में नहीं लिया और जांच-पड़ताल के बाद निर्णय लिया गया कि उन्हें संगठन से तत्काल बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इस कार्रवाई के तहत न सिर्फ उन्हें प्रदेश मंत्री पद से हटाया गया बल्कि उनकी सक्रिय सदस्यता भी रद्द कर दी गई है यानी अब वे किसी भी रूप में पार्टी से संबद्ध नहीं रहेंगे। भाजपा ने इस कदम के जरिए यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि संगठनात्मक अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, फिर चाहे वह कोई वरिष्ठ पदाधिकारी हो या सामान्य कार्यकर्ता। पार्टी ने एक बार फिर दोहराया है कि सभी सदस्यों के लिए नियम समान हैं और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब हो कि विपिन पांडे ने मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन के समक्ष पत्नी बीसीसी सदस्य व अन्य लोगों के साथ धरना दिया। इस दौरान उन्होंने विधायक बंशीधर भगत के प्रति भी बयानबाजी की थी। जिसको पार्टी नेताओं ने गंभीरता से लिया। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया।

# मिस्टर इंडिया नरेश सरकार का शक्तिफार्म में भव्य स्वागत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता) बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले मिस्टर इंडिया नरेश सरकार का नगर पंचायत शक्तिगढ़ (शक्तिफार्म) में भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत के चेयरमैन सुमित मंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया और नगरवासियों की ओर से शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोग, गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित



रहे। चेयरमैन सुमित मंडल ने कहा कि ष्नरेश सरकार हमारे क्षेत्र की शान हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर पूरे देश में उत्तराखंड, विशेषकर उधम सिंह नगर व रुद्रपुर का नाम ऊँचा किया है।ष कार्यक्रम के दौरान नरेश सरकार ने उपस्थित युवाओं को फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा यदि लगन और अनुशासन के साथ मेहनत की जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस मौके पर सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल, क्रांतिकारी सुब्रत विश्वास, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा खिलाड़ी और नगर पंचायत के स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# कपड़े के शो रुम में आग लगने से लाखों का नुकसान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के व्यस्त मीरा मार्केट में मंगलवार देर रात कपड़े की एक शोरूम में अचानक आग लग लग जाने से पूरे बाजार में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू करने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड की इस घटना में शोरुम में रखा लाखों रुपए कीमत का कपड़ा, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मीरा मार्केट स्थित प्रमोद गुप्ता की वैशाली एंपोरियम नाम की कपड़े की दुकान है। बताया जाता है कि प्रमोद गुप्ता मंगलवार को अपना शोरुम बंद कर देर शाम घर पहुंचे। जहां रात करीब 11 बजे अचानक दुकान के अंदर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने सूचना दुकान मालिक को दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आग को अपने स्तर से बुझाने का



प्रयास किया लेकिन आग अधिक होने के चलते पर काबू नहीं पाया गया। मामले की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। जिसके थोड़ी देर बाद ही दमकलकर्मी आ गए और उन्होंने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया।

# आग से गरीब का आशियाना हुआ राख

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगलवार को बनभूलपुरा के इंदिरा नगर बड़ी सड़क पर एक गरीब व्यक्ति के परिवार के घर में आग लग गई। जिससे उनका पूरा आशियाना जलकर राख हो गया और घर में रखा सारा सामान भी जल गया। वही विधायक सुमित हृदयेश ने पीड़ित व्यक्ति को मदद का भरोसा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार की दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुआ। उस समय मकान मालिक शमीम अहमद मेहनत-मजदूरी के लिए घर से बाहर थे और उनकी मां भी काम पर गई थीं। पड़ोसियों ने घर से धुआं उठता देखा तो ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मोहल्लेवासियों ने बाल्टियों और मटकों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग में कपड़े, बिस्तर, डबल बेड, फर्नीचर और अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। अनुमानित नुकसान लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे लोगो ने आग बुझाने में मदद के साथ ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और तहसील प्रशासन को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। भवन स्वामी ने विधायक सुमित हृदयेश को भी घटना की जानकारी दी। जिन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है

# शिक्षक ने ब्लैक बोर्ड पर 22 नही लिख पाने पर छात्र को पीटा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एक प्राईमरी विद्यालय में ब्लैक बोर्ड पर 22 न लिख पाने पर रोषित शिक्षक ने छात्र की छड़ी से पिटाई लगा दी। मामला चौकी तक पहुंच जाने के बाद दोनों पक्षों में वार्ता के उपरान्त मामला सुलझ पाया। बताया जाता है कि प्राथमिक स्कूल में कक्षा 3 का छात्र स्कूल गया था जहां शिक्षक के कहने पर जब वह ब्लैक बोर्ड पर 22 नही लिख पाया तो शिक्षक ने गुस्से में उसे छड़ी से पीट दिया। जिससे उसके शरीर पर नील के निशान पड़ गये और वह दर्द से कराहने लगा स्कूल की छूट्टी के पश्चात घर आकर छात्र ने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो परिजन मोहल्ले वासियों के साथ बेटे को लेकर आदर्श कालोनी चौकी जा पहुंचे और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। मामला बिगड़ते देख पुलिस ने आरोपी शिक्षक को चौकी बुलवाया और उससे घटना की जानकारी ली। शिक्षक का कहना था कि छात्र द्वारा 22 न लिख पाने पर उसे डांटा और उसे एक शन्टी मार दी। उनका उद्देश्य छात्र को चोट पहुंचाना नहीं था। काफी देर चली बातचीत के पश्चात दोनों पक्षों की सहमति पर मामला समाप्त कर दिया गया।

# रोडवेज कर्मियों का आंदोलन 15 दिन तक स्थगित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रोड़वेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा दो माह के वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन उच्च अधिकारियों से हुई वार्ता के बाद आगामी 15 दिनों तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री मनिंदर सिंह ने बताया कि 10 सितम्बर को प्रात: से कार्य बहिष्कार आंदोलन किया जाना था। मांगों के संबंध में 8 सितंबर को परिवहन निगम मुख्यालय में वार्ता की गई तथा 9 सितंबर को मुख्यालय में उच्च स्तरीय वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि लंबित एक माह के वेतन का भुगतान कर दिया गया है तथा शेष वेतन हेतु अति शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। सचिव के साथ दूरभाष द्वारा वार्ता की गई तथा यह सहमति बनी है कि 15 सितंबर को परिवहन निगम की आर्थिक उन्नति एवं कर्मचारियों के भुगतान हेतु निर्णय लेने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की जाएगी। जिसमें सकारात्मक निर्णय होने की संपूर्ण आशा है। अत: मोर्चा के संयोजक मंडल द्वारा निर्णय लिया गया है कि आंदोलन कार्यक्रम 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया जाए।

# शबरी आश्रम व बाली वध की लीला ने बांधा समां

रामनगर(उद संवाददाता)। आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज के तत्वावधान में चल रही रामलीला में सोमवार की रात स्थानीय कलाकारों ने शबरी आश्रम, श्रीराम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध की सुंदर लीला का मंचन किया। कलाकारों के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।रामलीला का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पुष्कर दुर्गापाल ने किया। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए दर्शकों से भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रंगमंच पर कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय देख दर्शक भी उत्साहित नजर आए और बार-बार तालियां बजाकर उनकी हौसला अफजाई की।रामलीला समिति के मंत्री राजीव अग्रवाल मोनू ने बताया कि प्रतिदिन बढ़ती दर्शकों की भीड़ से कलाकारों का उत्साह दोगुना हो गया है और वे अपने अभिनय को और अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पूठिया, महाप्रबंधक सुनील, सहायक महाप्रबंधक कृष्ण कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मुनेश चंद्र, जीवन अधिकारी, गगन बिष्ट सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# सिडकुल कर्मी पर किया हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता )। पैसों के लेनदेन के विवाद के चलते कुछ लोगों ने सिडकुल फैक्ट्री से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे एक कर्मी को घेर कर उससे मारपीट कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सूरज पुत्र खडक राम निवासी वार्ड 4 ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि 8 सितम्बर को समय लगभग रात्रि 8 बजे वह अपनी डयूटी करके अपने कमरे पर जा रहा था। रास्ते में मछली मार्केट में पैसों के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और गालिया देते हुये लोहे के कडे से मारने पीटने लगे, जिससे उसके सर में खुली चोट आई। उसे बचाने के लिये भाई पूरन सिंह आया तो उन्हे भी मारा पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०
### बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर

कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर के किच्छा स्थित गोदाम से प्रमाणित गेहूं बीज की 40 कि.ग्रा. की पैकिंग में लगभग 12500.00 कुन्तल मात्रा बिहार राज्य के विभिन्न जनपदों में स्थित बिक्री केंद्रों को प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। जनपदवार प्रस्तावित परिवहन की जाने वाली मात्रा का विवरण टेंडर फॉर्म के साथ संलग्न है। निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 12.30 बजे तक कृभको के स्थानीय क्षेत्रीय अधिकारी के कार्यालय-सह आवास के पते F-159, ग्रीन पार्क, रुद्रपुर अथवा ई-मेलsmokribhcoddn@yahoo.co.in के माध्यम से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है। समस्त इच्छुक परिवहन ठेकेदार जो जी० एस० टी० में पंजीकृत हों, अपनी परिवहन दरें किच्छा से गंतव्य स्थानों के लिए रुपये प्रति कुन्तल में निर्धारित निविदा प्रपत्र, जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 23.09.2025 समय अपराह्न 01:00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे निविदा के साथ धरोहर धनराशि रु. 50,000.00 को RTGS/NEFT/IMPS/DD के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा उसी दिन दिनांक 23.09.2025 समय अपराह्न 01:30 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक-10.09.2025

राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीप कॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-253929

# हिमालय संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है सरकार: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार हिमालय संरक्षण को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, इस महत्वपूर्ण काम में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। मंगलवार को आईआरडीटी सभागार में आयोजित हिमालय दिवस समारोह में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमालय मात्र बर्फीली चोटियों और विस्तृत पर्वतमालाओं का समूह नहीं है बल्कि ये सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप का जीवन स्रोत भी है। हिमालय न केवल भारत के उत्तर में अटल प्रहरी का काम करता है, बल्कि इसकी पर्वतीय नदियाँ पूरे देश की जीवनधारा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय की ऊंची चोटियां, विस्तृत ग्लेशियर, नदियां और जैव विविधता से भरपूर वन हमें न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हिमालय से निकलने वाली नदियां देश के करोड़ों लोगों की प्यास बुझाती हैं वहीं इस पर पाए जानी वाली दुर्लभ जड़ी बूटियां आयुर्वेद का आधार हैं।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हमारी इस अमूल्य धरोहर को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित विकास, और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हिमालय के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। इसके ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट और पारिस्थितिकीय असंतुलन की बड़ी चुनौती बन सकते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हिमालयी क्षेत्र में वर्षा की तीव्रता लगातार बढ़ रही है और अप्रत्याशित क्लाउड बर्स्ट तथा उनके परिणामस्वरूप भूस्खलन जैसी आपदाएँ बार-बार घटित हो रही हैं। इन घटनाओं की आवृत्ति और उनके प्रभाव दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हमारे राज्य को कई भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। इन गंभीर चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए वैज्ञानिक संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा



कि इसी को ध्यान में रखते हुए, गत वर्ष सरकार ने उच्च स्तरीय समिति के गठन के लिए निर्देश जारी किए थे। अब इस वर्ष नवंबर में राज्य में जलवायु परिवर्तन पर 'विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन' का भी आयोजन किया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हिमालय की सुरक्षा केवल सरकार का ही कार्य नहीं है, बल्कि ये देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार हिमालय संरक्षण को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर, जल स्रोत संरक्षण अभियान और जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से हिमालय के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम प्रारम्भ किया गया है। इस एक छोटी सी पहल से हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पर्यटन क्षेत्र में भी पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में ध्यान देना होगा क्योंकि अनियंत्रित और असंवेदनशील पर्यटन हिमालय के पर्यावरण के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके लिए हमें ' 'सस्टेनेबल टूरिज्म'' को बढ़ावा देना होगा, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना पर्यटन का विकास किया जा सके।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनका ज्ञान, परंपराएं और जीवनशैली हमें सिखाती हैं कि किस प्रकार हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीवन जी सकते हैं। हमें उनके अनुभवों और पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करते हुए उसे भी अपनी पर्यावरण संरक्षण नीति में सम्मिलित करना चाहिए। छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पानी की बचत, पेड़ों को लगाना और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, हिमालय की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्रम में सरकार ने दो से नौ सितंबर तक प्रतिवर्ष हिमालय जनजागरुकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है।इस मौके पर पद्मभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि इस साल समूचे हिमालयी क्षेत्र में आपदाएं आई हैं, अब साल दर साल इस तरह की घटनाओं से मानसून काल डराने लगा है। हमें हिमालय के पर्यावरण को बचाने के लिए नए सिरे से सोचना होगा। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय, मेयर सौरभ थपलियाल, दर्जाधारी श्रीमती मधु भट्ट, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, सूर्यकांत धस्माना सहित प्रमुख लोग शामिल हुए।

# सीएम ने की नेपाल के सीमांत जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नेपाल से लगे उत्तराखंड के सीमांत जिलों-चंपावत, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर की सुरक्षा स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। हाल के दिनों में पड़ोसी देश नेपाल में उत्पन्न राजनीतिक हालातों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सीमाओं पर चौकसी और निगरानी और कड़ी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाए जाएं और असामाजिक या उत्पाती तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने सोशल मीडिया की निरंतर मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया, ताकि अफवाह, भ्रामक सूचना या उकसाने वाले संदेशों को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और सशस्त्र सीमा बल (ठ) के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों, स्थानीय



ग्राम समितियों, पुलिस बल और वन विभाग की भागीदारी से सामूहिक निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। सीमाओं से जुड़े प्रवेश मार्गों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और सीमा पार से होने वाले आवागमन पर विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों के कठोर अनुपालन पर बल देते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के भी आदेश दिए।बैठक में सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा चुनौतियों, सामुदायिक भागीदारी, खुफिया सूचना तंत्र की मजबूती और केंद्रीय एजेंसियों से तालमेल जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।इस अवसर पर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव (गृह), एडीजी लॉ एंड ऑर्डर, एडीजी इंटेलिजेंस, कुमाऊं मंडलायुक्त, कुमाऊं परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक, चंपावत, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, साथ ही सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी भी मौजूद रहे।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# पूर्व सांसद टम्टा का किया स्वागत


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व सांसद व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा का दिल्ली से रुद्रपुर आगमन पर कांग्रेसजनों ने रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर उन्हें फूलमाला पहनकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।विदित है कि प्रदीप टम्टा पार्टी सदस्यता सर्जन अभियान के अंतर्गत पीसीसी सदस्य मनोनीत किए गए



हैं और अगले दो दिन वे एआईसीसी सदस्य डॉक्टर नरेश कुमार के साथ विभिन्न संगठनो के साथ साथ कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी करेंगे। स्वागत करने वालों में मोहनखेड़ा, पीसीसी सदस्य परिमल राय, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा, संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ राज बेहड, पार्षद शुभम राय, जगदीश दास, दीप प्रकाश, रणजीत राणा, साजिद खान, जगदीश कर्मकार, नंदशेखर गांगुली सहित अनेको कांग्रेसी मौजूद थे

# गदरपुर में नगर कीर्तन का श्रद्धापूर्वक स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल शहीदी नगर कीर्तन मंगलवार देर रात गदरपुर पहुंचा। नगर में पहुंचने पर दूर-दराज के गांवों से आई संगत ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पालकी में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन किया। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पंच प्यारे और गुरु गोविंद सिंह जी के प्राचीन पावन शस्त्रों के भी दर्शन कराए गए। उत्तराखंड प्रभारी एसजीपीसी धर्म प्रचार कमेटी के सुखविंदर सिंह एम.ए. ने बताया कि यह नगर कीर्तन 21 अगस्त को असम



के गुरुद्वारा धोबड़ी साहिब से प्रारंभ हुआ था और विभिन्न प्रदेशों से होते हुए 23 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने असम के दो राजाओं के बीच विवाद को सुलझाकर उनकी राज्यों की हदबंदी करवाई थी। इसी स्मृति में गुरुद्वारा धोबड़ी साहिब स्थापित है। वहीं, गुरुद्वारा नानकसर बाजपुर के बाबा प्रताप सिंह ने गुरु जी के बलिदान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि साझा की। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की जबरन धर्म परिवर्तन की नीति का विरोध करने पर दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु तेग बहादुर जी को शहीद कर दिया गया था। उनके साथ भाई मति दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी ने भी असाधारण बलिदान दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्त्री सत्संग सभा, किसान संगठन, सिख मिशनरी कॉलेज, गुरु नानक सेवक दल, सिख प्रचारक सभा सहित अनेक संस्थाओं से जुड़े हजारों श्रद्धालु नगर कीर्तन में सम्मिलित हुए।

# 11 को खटीमा दौरे पर रहेंगी आईजी


खटीमा(उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल 11 सितम्बरको खटीमा दौरे पर रहेंगी। अपने दौरे के दौरान वह जनता की समस्याएँ सुनने से लेकर पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने और सीमा सुरक्षा की समीक्षा तक कई अहम कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। आईजी रिद्धिम अग्रवाल प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कोतवाली खटीमा में थाना दिवस के अवसर पर आयोजित जनता दरबार में क्षेत्रवासियों की पुलिस संबंधी समस्याएँ सुनेंगी और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन देंगी। इसके बाद वह



सर्किल सितारगंज और खटीमा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन करेंगी। सम्मेलन में वह पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद कर उनके मनोबल, कार्यकुशलता और सेवा भावना को और प्रबल बनाने पर बल देंगी। दौरे के अंत में आईजी अग्रवाल सायंकाल में भारत-नेपाल सीमा का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगी।आईजी के इस दौरे को जनता की समस्याओं के समाधान, पुलिस बल के मनोबल को मजबूती और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अहम माना जा रहा है।

# दिनेशपुर में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर व आसपास के बंगाली बहुल इलाकों में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। जगह-जगह पूजा समितियाँ माटी पूजन जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ भव्य आयोजन की तैयारी में जुटी हुई हैं। यह पर्व बंगाली समाज के लिए आस्था और उत्सव का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है, जिसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।दिनेशपुर दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष रोहित मंडल ने बताया कि पूजा की शुरुआत सबसे पहले माटी पूजन से होती है। इस अनुष्ठान के तहत मिट्टी की पूजा कर मूर्तिकार देवी दुर्गा की प्रतिमा निर्माण का कार्य प्रारंभ करते हैं। इसके बाद पूरे क्षेत्र में देवी दुर्गा के स्वागत की तैयारियाँ और भी तेज हो जाती हैं।दिनेशपुर और शक्ति फार्म जैसे क्षेत्रों में दुर्गा पूजा हर साल की तरह इस बार भी बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि बुधवार



को माता की प्रतिमा के सामने निमंत्रण कार्ड अर्पित कर सफल आयोजन की कामना की गई। इसके बाद नगर की प्रथम नागरिक मनजीत कौर को प्रथम निमंत्रण पत्र सौंपा गया।दुर्गा पूजा मुख्य रूप से देवी दुर्गा की राक्षस महिषासुर पर विजय की स्मृति में मनाई जाती है। यह पर्व शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से प्रारंभ होकर नौ दिनों तक चलता है और समापन पर मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया जाता है। पश्चिम बंगाल का यह प्रमुख त्योहार अब वैश्विक पहचान हासिल कर चुका है और यूनेस्को ने इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में भी शामिल किया है।आयोजन समिति के सदस्य घर-घर जाकर चंदा संग्रह कर रहे हैं ताकि भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। पूजा पंडालों में सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियाँ भी जारी हैं।इस मौके पर समिति अध्यक्ष रोहित मंडल के साथ गोविंद मंडल, सुकुमार सरकार, असित कुमार, विशु कुमार, राजु गाईन, हरिदास मंडल, अमल मंडल, सरोज मंडल, काजल राय, मृत्युंजय सरकार, दिवेन्दु राय, अर्जुन कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल जिले में आपदा से 443 करोड़ की क्षति

## केंद्रीय टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, स्थायी समाधान पर जोर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।भारत सरकार की अंतर मंत्रालीय केंद्रीय टीम मंगलवार को जनपद नैनीताल में इस मानसून काल में हुई क्षति के आंकलन हेतु भ्रमण पर पहुंची। टीम ने मानसून काल के दौरान जिले में हुई क्षति की समीक्षा हेतु अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।हल्द्वानी परिसंपत्तियों को लगभग घ158 करोड़ का नुकसान आंका गया है।मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, ऊर्जा, ग्रामीण निर्माण विभाग, पेयजल एवं शिक्षा विभाग प्रमुख विभाग हैं जिन्हें अधिक क्षति हुई है। जिलाधिकारी ने विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क मार्गो में हुई क्षति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने टीम को अवगत कराते हुए उनके स्थायी समाधान की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से क्षतिग्रस्त, विद्यालय भवनों, सड़क मार्गों, सिंचाई गूलों, सरकारी परिसंपत्तियों सहित नदी एवं जल भराव के कारण जिले के अन्य स्थानों गोलापार, चोरगलिया,लालकुआं, हल्द्वानी, टीम ने जिला अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने इंदिरा गांधी स्टेडियम गोलापार, गोला पुल, सूखी नदी, चोरगलिया क्षेत्रों में जाकर स्वयं क्षति का आकलन किया।टीम में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के निदेशक वीरेंद्र कुमार,





सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी वंदना ने टीम का स्वागत करते हुए जिले में आपदा से हुई क्षति का विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मानसून काल में जनपद को लगभग 443.42 करोड़ का नुकसान हुआ है, जिसमें आपदा न्यूनीकरण मद में 285 करोड़ एवं विभिन्न विभागीय जिले की महत्वपूर्ण सड़क जो पहाड़ी जनपदो को जोड़ता है हल्द्वानी भीमताल अल्मोडा सड़क मार्ग जो वर्षांत में रानीबाग मोटर पुल के पास पहाड़ कटान की गंभीर समस्या से बन्द हो जा रहा था उस समस्या के साथ ही विभिन्न सड़क मार्गों जो वर्षांत में लगातार बन्द हो जा रही थी उन मार्गों के संबंध में केंद्रीय रानीबाग ,रामनगर सहित जिले के पहाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में हुई क्षति की भी जानकारी देते हुए विवरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न नदियों जैसे गोला, कोसी, नंधौर आदि में हुए भू–कटाव तथा प्रभावित गांवों और नगर क्षेत्रों की स्थिति से भी टीम को अवगत कराया गया। बैठक के उपरांत केंद्रीय केंद्रीय जल आयोग के अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार, निदेशक यूएलएमएमसी शांतनु सरकार सामिल रहे। इस दौरान जिले से प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, विवेक रॉय, एस पी प्रकाश चंद्रा सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राधा रानी भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राधा रानी संस्था द्वारा आयोजित राधा रानी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। रविवार को खाटू श्याम मंदिर से पांच मंदिर तक निकाली गई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में विधायक शिव अरोरा भी उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धा भाव से भागवत गीता को सर पर धारण कर यात्रा में भाग लिया। राधा रानी भागवत कथा पांच मंदिर परिसर में 9 से 14 सितंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसका वाचन ब्रज भक्त



वैष्णवाचक रमाकांत गोस्वामी महाराज करेंगे। कथा का शुभारंभ 9 सितंबर को राधा रानी जन्मोत्सव के साथ होगा। विधायक अरोरा ने इस अवसर पर कहा कि राधा रानी के जीवन पर आधारित यह कथा निश्चित रूप से भक्तिमय और आनंदमय माहौल तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि पांच मंदिर का वातावरण आने वाले दिनों में सुन्दर प्रस्तुतियों और भक्ति रस से सराबोर रहेगा। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को अपने ईष्ट भगवान और सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कलश यात्रा में अमित जिंदल, राजू गुप्ता, सचिन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिनेश खंडेलवाल, राजेश गोयल, गोपाल गोयल, मोहन लाल, संदीप राव, नितिन अग्रवाल, उमा गर्ग, वर्तिका जिंदल, सुमन सिंघला, पारुल गुप्ता, निधि गोयल और लता खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# तहसीलदार लीना चंद्रा को मीडिया क्लब पार्टनर्स ने किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)।तहसील परिसर में आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में मीडिया क्लब पार्टनर्स द्वारा तहसीलदार श्रीमती लीना चंद्रा को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों और सामाजिक सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर युवा भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी और रवि सचदेवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से लीना चंद्रा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके जनसेवा के प्रति समर्पण और प्रशासनिक कार्यों की सराहना की।मीडिया क्लब के मेंबर्स, जो कि मीडिया क्लब पार्टनर्स के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, सम्मान की इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए लीना चंद्रा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उन्होंने कहा कि तहसीलदार लीना चंद्रा ने गदरपुर में ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आम जनता का विश्वास जीता है।इस अवसर पर पत्रकार और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारियों को प्रोत्साहित करना और समाज के प्रति उनके योगदान को लीना चंद्रा के उज्जवल भविष्य की कामना और उनके कार्यों की सराहना की।



# चेकिंग में 600 वाहनों के चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) हल्द्वानी के निर्देश पर 8 एवं 9 सितम्बर को दो दिवसीय विशेष चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में 11 प्रवर्तन दलों ने विभिन्न मार्गों व शहर क्षेत्रों में सघन चौकिंग की। अभियान के दौरान 600 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 184 भार वाहन, 202 दोपहिया वाहन व 20 स्कूल बसें शामिल रहीं। वहीं 47 वाहनों को निरुद्ध (सीज) किया गया। कार्रवाई के दौरान 28 भारवाहन व 33 यात्री



वाहन ओवरलोडिंग में पकड़े गए। 168 दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेल्मेट व 13 को ट्रिपल राइडिंग पर चालान किया गया। केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी की एक स्कूल बस चालक सहित कुल 3 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़े गए। सभी को पुलिस के सुपुर्द कर कार्यवाही की गई। चौकिंग अभियान हल्द्वानी शहर, नैनीताल, रुद्रपुर, कालाढूंगी, रामनगर व अन्य मार्गों पर संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (ई) जितेन्द्र, नवीन कुमार सिंह, श्रीमती रिषु तिवारी, परिवहन कर अधिकारी प्रमोद कर्नाटक समेत कई प्रवर्तन अधिकारियों ने किया। परिवहन विभाग ने बताया कि इस प्रकार के विशेष चैकिंग अभियान आगे भी उधमसिंहनगर, काशीपुर, टनकपुर व रामनगर सहित अन्य स्थानों पर लगातार चलाए जाएंगे, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डेढ़ लाख से अधिक की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'क्तनह थ्तमम क्मअईीववउप' कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से चल रहे अभियान के तहत रामनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बसई अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.45 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजा अली (22 वर्ष), पुत्र अख्तर अली, निवासी प्रभु विहार कॉलोनी, काशीपुर, जिला



उधम सिंह नगर के रूप में हुई है। आरोपी के पास से बरामद स्मैक को कब्जे में लेकर थाना रामनगर में एफआईआर संख्या 332/25, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल ने बताया कि फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने स्मैक कहां से खरीदी और इसे कहां ले जा रहा था। उसकी आपूर्ति श्रृंखला की भी जांच की जा रही है ताकि नशे के कारोबार में शामिल बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह सक्रिय कार्रवाई युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाने और समाज को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कोतवाल ने आम जनता से अपील की कि यदि किसी को नशे की तस्करी या बिक्री से जुड़ी कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। गिरफ्तार आरोपी राजा अली को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# आपदा प्रभावितों के लिए यूपी से मिली राहत किट

हल्द्वानी। उत्तराखंड में मानसून से हुई आपदा के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से भेजी गई 3800 राहत किट मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचीं।अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि कुमाऊं मंडल के आपदा प्रभावित जिलों की सहायता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने यह राहत सामग्री उपलब्ध कराई है। उप जिलाधिकारी पीलीभीत मयंक गोस्वामी, एआरटीओ वीरेंद्र



सिंह और तहसीलदार विदेह सिंह के नेतृत्व में पीलीभीत प्रशासन की टीम इन किटों को हल्द्वानी लेकर पहुंची। उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसार इन किटों का वितरण विभिन्न जनपदों में किया जा रहा है। नैनीताल को 1000 किट, बागेश्वर और पिथौरागढ़ को 900–900 किट, जबकि अल्मोड़ा और चंपावत को 500–500 राहत किट आवंटित की गई हैं। मंगलवार शाम को हल्द्वानी स्थित एच.एन. इंटर कॉलेज से विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट और अन्य दायित्वधारियों ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर आपदा प्रभावित जिलों के लिए रवाना किया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में पलाश एकेडमी टीम बनी विजेता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्व. पलाश राय की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला धूमधाम से खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकेडमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट खोकर शानदार 193 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में खालसा क्लब की टीम ने घोषित किया गया। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि राजकुमार ठुकराल ने ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सजीव उदाहरण है। मैं उम्मीद करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन





पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के साथ–साथ समाज में आपसी सौहार्द और अनुशासन की भावना को भी बढ़ाते हैं। फाइनल मैच में पलाश बेहतरीन बल्लेबाजी की लेकिन 10 ओवर में पूरी टीम 183 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार 10 रनों से जीत हासिल कर पलाश एकेडमी विजेता घोषित हुई। मैच में उम्दा प्रदर्शन करने वाले फईद को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि आदित्य को पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाने के लिए मैन ऑफ द सीरीज उन्होंने कहा खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को भी मजबूत करते हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। पलाश राय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट इसी का करेंगे। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी और खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्यजन मौजूद रहे। इनमें सौरभ राय, सी.के. शर्मा, संजय समर लोध, सांतनु मुखर्जी, निर्मल पाल,चंदन,अचिंतो, धनंजय , कमलेश सहित अनेक लोग शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नेपाल में जनाक्रोश की आग

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के बाद अब नेपाल में युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा के तांडव में कई लोगों की जान चली गई है। सरकारी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से सुलगी विरोध की इस चिंगारी से संसद तथा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवास भी अछूते नहीं रहे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करना सुरक्षा बलों के लिए इस समय बड़ी चुनौती है। हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इससे पहले सरकार के कुछ मंत्री भी अपना पद छोड़ चुके हैं। सवाल यह है कि आखिर देश का युवा वर्ग इतना ज्यादा आक्रामक कैसे हो गया? शासन और स्थानीय प्रशासन युवाओं के गुस्से को समय रहते शांत करने में क्यों नाकाम रहा? क्या सरकार को इस बात का इल्म नहीं था कि हालात इस कदर बिगड़ सकते हैं या फिर इसका पूर्व आकलन करने में कहीं कोई चूक हुई है? दरअसल, नेपाल सरकार ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि देश में सोशल मीडिया मंचों से संबंधित कंपनियां पंजीकरण कराने की अनिवार्यता का पालन करने में विफल रही हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और सरकार के इस फैसले का विरोध करने लगे। सोमवार को विरोध प्रदर्शन का दायरा व्यापक हो गया और काठमांडो में युवाओं की उग्र भीड़ ने जगह-जगह तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ प्रदर्शनकारियों की हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। इससे युवाओं का आक्रोश बढ़ गया और भीड़ संसद भवन परिसर में घुस गई। यहां तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवासों को भी निशाना बनाया गया। हालात को देखते हुए सरकार ने सोमवार रात को ही सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया और मंगलवार को प्रधानमंत्री ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मगर प्रदर्शनकारी अभी भी शांत नहीं हुए हैं और वे सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। नेपाल के इतिहास में इसे बहुत बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह जन आक्रोश ने सरकारों को अपदस्थ कर दिया था। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व 'जेन जी' कर रहा है। यह युवाओं का एक ऐसा समूह है, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस समूह ने पिछले दिनों सोशल मीडिया के जरिए सरकार के मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली हस्तियों के बच्चों की फिजूलखर्ची तथा उनकी जीवनशैली को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी के साथ-साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की आजादी हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन क्या हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ ही इसका एकमात्र समाधान है? बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल की सरकार और युवा वर्ग देश एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और माहौल को शांत कर बातचीत की राह पर लौटेंगे।

# उत्तराखंड में बुनियादी ढांचे के विकास से उत्तराखंड की आर्थिक और सामाजिक प्रगति सुनिश्चित होगी : सीएस

## मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में यूआईआईडीबी कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में निवेश और आधारिक संरचना विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए मंगलवार को सचिवालय स्थित मुख्य सचिव सभागार में यूआईआईडीबी (उत्तराखंड निवेश एवं आधारिक संरचना विकास बोर्ड) की कार्यकारिणी समिति की आठवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और उनके समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास से ही उत्तराखंड की आर्थिक और सामाजिक प्रगति सुनिश्चित होगी, इसलिए परियोजनाओं को गति देने में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाने और विभिन्न स्तरों पर अधिकारों के विकेंद्रीकरण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि इससे जुड़े प्रस्ताव बोर्ड की आगामी बैठक में रखे जाएंगे।मुख्य सचिव ने विशेष रूप से शारदा कॉरीडोर, ऋषिकेश कॉरीडोर और हरिद्वार कॉरीडोर परियोजनाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में त्रिवेणीघाट परियोजना के तहत गंगाजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन कराया जाए और विशेषज्ञों की सिफारिशों पर आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने ऋषिकेश में पुराने रेलवे स्टेशन की भूमि पर भूमिगत पार्किंग, हरित पार्क और हेरीटेज फॉरेस्ट वॉक-वे जैसी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं के रख-रखाव और संचालन की व्यवहार्यता का पूरा आकलन किया जाए। साथ ही उन्होंने हरिद्वार-ऋषिकेश रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम तथा ऋषिकेश-देहरादून रेलवे लाइन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे स्टेशन और उसके आसपास अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने पर बल दिया। ऋषिकेश में यातायात के अत्यधिक दबाव को देखते



हुए उन्होंने आईएसबीटी और चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र को उपयुक्त स्थल पर पुनर्स्थापित करने के लिए मंडलायुक्त, पुलिस, जिला प्रशासन, पर्यटन और परिवहन विभाग सहित सभी हितधारकों से विचार- विमर्श कर ठोस प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।हरिद्वार कॉरीडोर परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी कुंभ मेले को देखते हुए स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने हरिद्वार में सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक से लैस इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर मेला नियंत्रण कक्ष के निकट स्थापित करने के निर्देश दिए और कहा कि इसके प्रस्ताव में मेलाधिकारी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के सुझावों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने घाटों के विस्तार, पार्किंग, रोपवे, पैदल मार्ग, सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। चंडीघाट में सांस्कृतिक केंद्र और मल्टी मॉडल टूरिज्म हब की महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी तेजी से धरातल पर उतारने की बात कही। बैठक में देहरादून की यमुना कॉलोनी के पुनर्विकास और राज्य में नए ग्रीनफील्ड शहरों के विकास की योजना पर भी विचार हुआ। मुख्य सचिव ने कहा कि यूआईआईडीबी की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए भी ठोस और व्यवहारिक प्रस्ताव तैयार किए जाएं ताकि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, डॉ. वी. षणमुगम, युगल किशोर पंत, सीसीएफ डॉ. पराग मधुकर धकाते, रेजिडेंट कमिश्नर अजय मिश्रा, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, मेलाधिकारी सोनिका और अपर सचिव अभिषेक रूहेला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# हिमालय हमारी धरती और आत्मा दोनों के संरक्षक: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को यूपीईएस में हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर लर्निंग एंड लीडरशिप (हिल) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन 'हिमालय कॉलिंग 2025' का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय यह सम्मेलन हिमालय की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और बौद्धिक धरोहर को समर्पित है जिसमें देश एवं विदेश के चिंतक और पर्यावरणविद् चिंतन और मंथन करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने परिसर में हिमालय के उत्पादों पर आधारित लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिमालय के संरक्षण में ही मानवता और प्रकृति का कल्याण निहित है। आज प्रकृति हमें बार-बार चेतावनी दे रही है- कभी बाढ़ और बादलों के फटने के रूप में, तो कभी बढ़ती गर्मी और प्रदूषण के रूप में। यह संकेत हैं कि जल, जंगल और जमीन की अनदेखी मानवता के लिए संकट बन रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और कंक्रीट के जंगल हमारे अस्तित्व पर





प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति ने जो दिया है, उसे उसी के स्थान पर रहने देना आवश्यक है। हम सभी को इस चेतावनी को समझना होगा, और पौधरोपण, जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में पहल करनी होगी। राज्यपाल ने कहा कि 'हिमालय कॉलिंग' हिमालय की रक्षा और संरक्षण के लिए हम सभी की सामूहिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि हिमालय हमारी धरती और हमारी आत्मा दोनों के संरक्षक हैं। उन्होंने यूपीईएस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, छात्रों और विभिन्न समुदायों को एक साथ लाकर स्थायी समाधान खोजने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिमालय केवल पर्वत नहीं हैं, बल्कि हमारी जीवन-रेखा हैं। उनकी विशेष भौगोलिक परिस्थितियाँ हमें शोध और अध्ययन का आह्वान करती हैं। आज वैश्विक स्तर पर हिमालय को समझने और संरक्षित करने का प्रयास समय की मांग है। इसलिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को प्राप्त करने की दिशा में हिमालय की रक्षा करना मानवता की साझा जिम्मेदारी है। इस अवसर पर यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा कि "हिमालय कॉलिंग एक जीवंत कक्षा है, जहाँ वैज्ञानिक, नवप्रवर्तक, कलाकार, नीति-निर्माता और समुदाय एक साथ मिलकर शोध को व्यवहार में बदल रहे हैं और सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमें गर्व है कि यूपीईएस इस पहल को दिशा दे रहा है और अपने छात्रों को उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए तैयार कर रहा है।" सम्मेलन में यूपीईएस के चेयरमैन प्रो. सुनील राय ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। हिल के निदेशक डॉ. जे.के. पांडेय ने कहा कि "इस वर्ष हमारा ध्यान समाधान-प्रधान दृष्टिकोण पर है। हम शोध को सामुदायिक ज्ञान से जोड़ रहे हैं, हिमालयी उत्पादों और फोटोग्राफी को प्रदर्शित कर रहे हैं और गोलमेज संवाद के माध्यम से दीर्घकालिक सहयोग की नींव रख रहे हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को यह समझाना है कि हिमालय कोई समस्या नहीं, बल्कि एक साथी है, जिसका सम्मान और पुनर्जीवन आवश्यक है।

# टैगोरनगर में मिनी स्टेडियम निर्माण की कवायद शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शक्तिफार्म के टैगोरनगर में मिनी स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। इस परियोजना को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पहले ही अपने विधानसभा क्षेत्र की दस प्राथमिकताओं में शामिल कर सरकार को सौंपी थी। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद मंगलवार को युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मैदान का सर्वेक्षण कर क्षेत्र की जमीन की पैमाइश की। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी विधायकों से विधानसभा क्षेत्र की दस प्राथमिकता वाली परियोजनाओं की सूची मांगी थी। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने टैगोरनगर में मिनी स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव पेश किया। सीएम धामी ने इसे खेल प्रेमियों को एक बड़ी सौगात देने के उद्देश्य से अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। सर्वेक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मुकेश गौड़ ने ग्रामीणों के साथ मैदान का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने दोनों ओर से चारदीवारी कर स्टेडियम का निर्माण करने की मांग की। इस मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, उदय राणा, योगेंद्र रावत, रवि मजूमदार, मयंक अग्रवाल, सुनील विश्वास, रीपुसुदन मंडल, देवाशीष पोद्दार, सब्यसाची हालदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बीएस रावत ने बताया कि मैदान का सर्वे और पैमाइश पूरी कर ली गई है। अब मानक पूरे होने पर मिनी स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस स्टेडियम से क्षेत्र के युवा खेल-कूद गतिविधियों में अधिक सक्रिय हो सकेंगे और खेल प्रतिभाओं को विकसित करने में मदद मिलेगी।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई के तहत यातायात नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसते हुए एमवी एक्ट में कुल छह चालान किए। इनमें पांच चालान नकद संयोजन शुल्क के रूप में 2500 रुपये वसूले गए, जबकि एक चालान रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की गई। इसी प्रकार पुलिस एक्ट में भी दो चालान करते हुए 500 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया।


## कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०
### बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर

कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर के किच्छा स्थित गोदाम में 10500 D-क्लास 50 कि.ग्रा. जूट के बोरे एवं 103 D-क्लास 40 कि.ग्रा. जूट के बोरे अलग-अलग श्रेणी मे उपलब्ध हैं। उपलब्ध बोरों की उक्त मात्रा को जहां और जैसा की स्थिति में है, के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। इन बोरों की बिक्री हेतु जी० एस० टी० में पंजीकृत पार्टियों से सील बंद निविदाएँ दिनांक 30.09.2025 समय अपराह्न 01:00 बजे कृभको के राज्य विपणन कार्यालय, 30 आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियाँ दिनांक 30.09.2025 समय अपराह्न 12:30 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कृभको के स्थानीय क्षेत्रीय अधिकारी के कार्यालय-सह आवास के पते F-159, ग्रीन पार्क, रुद्रपुर अथवा ई-मेल smokribhcoddn@yahoo.co.in के माध्यम से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ जी० एस० टी० प्रमाण पत्र की प्रति एवं धरोहर धनराशि के रूप में रु 5,000.00 का RTGS/NEFT/IMPS/DD के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे। प्राप्त निविदा दिनांक 30.09.2025 समय अपराह्न 02:00 बजे उपस्थित इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष कमेटी द्वारा खोली जाएंगी।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक-10.09.2025

राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीप कॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-253929

# केंद्रीय जांच सर्वे टीम ने हड़बाड़ और पिटकुल में आपदा से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले में दैवीय आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी और नुकसान का मूल्यांकन करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने मंगलवार को जनपद बागेश्वर के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम ने पहले हड़बाड़ क्षेत्र का भ्रमण किया, जहाँ हाल ही में भूमि धंसाव एवं भूस्खलन की घटनाओं से सात परिवार प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सुरक्षित स्थलों स्थानीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। उन्हें आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है और प्रभावितों के विस्थापन को लेकर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। वहीं उन्होंने ड़ंगोली बालीघाट मोटर मार्ग निरीक्षण किया। मोटर मार्ग के किलोमीटर 32 और 34 में सड़क धंस रही है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सड़क सुधारीकरण के समय पानी की निकासी पर विशेष ध्यान देने की



बात कही।इसके अतिरिक्त टीम ने पिटकुल क्षेत्र का भी दौरा किया, जहाँ मलबा आने से 132 केवी सर्विस स्टेशन को काफी क्षति हुई है। केंद्रीय टीम ने घटनास्थलों पर हुए नुकसान का आकलन किया तथा राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली।जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने केंद्रीय टीम को आपदा की स्थिति, बचाव व राहत कार्यों की प्रगति तथा विभिन्न विभागों द्वारा हुए नुकसान का विवरण प्रस्तुत किया। टीम के समक्ष विभागवार हानि का संक्षिप्त प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।।केंद्रीय टीम का उद्देश्य आपदा से हुए जन-धन, आध ारभूत संरचना, कृषि एवं स्थानीय आजीविका को हुए नुकसान का आकलन करना और राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। टीम ने आश्वस्त किया कि आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस. नबियाल, उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित लोनिवि अभियंता संजय पांडे, ऊर्जा निगम के अभियंता मोहम्मद अफजाल सहित तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जिले में 43 शिक्षकगणों को 'न्याय प्रेरणा शिक्षक' सम्मान से नवाजा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शचि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा द्वारा शिक्षक दिवस समारोह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जागरूकता अभियान 'गुरु शक्ति-न्याय शक्तिः ज्ञान से न्याय की ओर' के अनुक्रम में जिला न्यायालय सभागार अल्मोड़ा में समस्त जनपद के 43 चयनित सर्वोत्तम शिक्षकगणों को 'न्याय प्रेरणा शिक्षक' के रुप में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।शचि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तारीराम पी एम श्री रा0 आ0 प्रा0 वि0 चिलियानौला, त्रिलोक सिंह अधिकारी रा0 जू0 हा0 गवाड़ द्वाराहाट, राजीव मासीवाल रा0 प्रा0 वि0 पटल गाँव चौखुटिया, विजया पंत रा0 बा0 इ0 का0 अल्मोड़ा, पूनम साह रा0 प्रा0 वि0 बिरौडा, भगवती मनराल रा0प्रा0 वि0 रुचियाखाल, सतीश कुमार गुप्ता रा0 प्रा0 वि0 बूंगीधार स्याल्दे, बालादत्त पाण्डे रा0 आ0 प्रा0 वि0 कलियालिगुड़ स्याल्दे, सुशील चंद्र तिवारी रा0 इ0 का0 भेटाबड़ौली, विनोद कुमार रा0 इ0 का0 असगली, नागेन्द्र सिह चौहान रा0 आ0 प्रा0 वि0 देवायल सल्ट आदि शिक्षकगणों को सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्य, बाल अधिकार एवं संरक्षण, महिला सुरक्षा कानून, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी सहायता आदि विषयों के संबंध में जागरूक कर सशक्त नागरिक बनाने हेतु प्रेरित करना है व उनके योगदान की सराहना करना है। नशा मुक्ति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों, निःशुल्क विधिक सहायता आदि के विषय में भी शचि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का शिल्पी होता है। समाज में शिक्षक का सर्वोच्च स्थान है।

# बागेश्वर में आत्मनिर्भरता की नई उड़ान से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम) के तहत बागेश्वर में महिला सशक्तिकरण और




पलायन रोकथाम की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने ए-4 शीट बनाने वाली मशीन का शुभारंभ किया। सीडीओ तिवारी ने मशीन का उदघाटन करते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को सीध ा रोजगार मिलेगा और विभागीय कार्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाला कागज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी दफ्तरों में प्रयुक्त कागज की खरीद में सबसे पहले प्राथमिकता समूहों को ही दी जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में महिलाओं को समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन योजनाएं संचालित कर रही है, जिसमें सस्ते दरों में लोन उपलब्ध हो रहा है, साथ ही स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में भी सहयोग दिया जाता है।उन्होंने सभी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को क्लस्टर बनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयास करने की अपील की।मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि बागेश्वर की जलवायु सेब, फूल और बकरीपालन जैसी गतिविधियों के लिए उपयुक्त है। यदि समूह इन क्षेत्रों में कार्य करना चाहें तो उनके प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। परियोजना निदेशक शिल्पी पंत ने बताया कि यूनिट के दीर्घकालिक संचालन के लिए विपणन समिति बनाई जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी आलोक भण्डारी ने इसे पलायन रोकथाम में अहम बताया।इस अवसर पर "सखी संगम" क्लस्टर का भी उद्घाटन किया गया। महिलाओं ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की मजबूत नींव बनेगा।इस दौरान महिला समूहों से जुड़ी महिलाएं और आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्पादों की गुणवत्ता की जाँच करने के तरीके बताए

गरुड़(उद संवाददाता)।विकास खंड गरुड़ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के देहरादून शाखा के निदेशक डॉ. सौरभ तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बीआईएस केयर एप के माध्यम से उत्पादों की गुणवत्ता की जाँच करने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि आईएसआई मार्क वाले उत्पादों की जाँच सीएमएल नंबर से, हॉलमार्क वाले उत्पादों की जाँच एचयूआईडी नंबर से और आर मार्क वाले उत्पादों की जाँच सीआरएस नंबर से की जा सकती है। साथ ही सभी आगनबाड़ी कार्यकृतियों के मोबाइल में बीआईएस केयर एप डाउनलोड कराया गया और उन्हें इसके इस्तेमाल करने की जानकारी सिखायी गई।कार्यक्रममें सभी लोगों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित उत्पादों का ही उपयोग करने,और



आईएसआई मार्क, हॉलमार्क और आर मार्क वाले उत्पादों की प्रमाणिकता की जाँच के बाद ही खरीददारी करने और नकली उत्पादों का प्रयोग नही करने की शपथ दिलाई गई। रिसोर्स पर्सन दीपचंद जोशी ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मिशन समन्वयक सुरेंद्र कुमार, सुपरवाइजर आशा जोशी, जयंती बिष्ट और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लालकुआं में वाहन चालक कल्याण समिति का किया गठन

लालकुआं(उद संवाददाता)। क्षेत्र में वाहन चालकों के शोषण और उत्पीड़न की बढ़ती शिकायतों के बीच वाहन चालक कल्याण समिति का गठन किया जा रहा है। चालकों का कहना है कि उन्हें लंबे घंटे काम करने पर मजबूर किया जाता है, उचित वेतन नहीं दिया जाता, और कई बार बिना किसी कारण वाहन से निकाल दिया जाता है। इसके अलावा, दुर्घटनाओं और बीमा मामलों में वाहन मालिक जिम्मेदारी से बचते हैं, जिससे चालकों और उनके परिवारों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को शाम 4 बजे इमलीघाट मैदान, लालकुआं में



आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी चालकों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे एकजुट होकर अपनी समस्याओं को मजबूती से उठा सकें। समिति के संयोजक हुकम सिंह कोरंगा और परवीन सिंह ने बताया कि यह संगठन चालकों के अधिकारों की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में उत्तराखंड वाहन चालक संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी से मुलाकात कर उन्हें समिति का संरक्षक बनने का आमंत्रण दिया। पीयूष जोशी ने आश्वासन दिया कि वे हर स्तर पर चालकों के हक की लड़ाई में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह राज्य में श्रमिकों, छात्रों और बेरोजगार युवाओं की आवाज को एकजुट किया गया, उसी तरह अब चालकों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। पीयूष जोशी ने सभी चालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 13 सितंबर को इमलीघाट मैदान पहुंचे और इस बैठक को सफल बनाएं।

## पेज एक का शेष...

**धामी कैबिनेट की बैठक...**मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड सेवा का अधिकार का नवम वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 विधानसभा पटल पर प्रस्तुत करने को भी मंजूरी दी। वहीं, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल और उच्च न्यायालय उत्तराखंड के सहयोग से अप्रैल 2025 में हुए उत्तर क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन में हुए खर्चों के भुगतान के लिए नियमावली 2017 के तहत छूट संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इस प्रकार, मंत्रिमंडल की बैठक में राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों के कुक्कुट पालकों को आर्थिक सहायता देने, भूमि आवंटन और प्रशासनिक पद सृजन सहित कई अहम फैसलों को हरी झंडी मिली है, जो राज्य की विकास और कल्याण नीतियों को गति प्रदान करेंगे।

**वाहनों की फिटनेस...**प्रक्रिया रामनगर से ही कराने की मांग कर रहे हैं। वाहन स्वामियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 18 सितंबर से रामनगर में सभी व्यावसायिक वाहनों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा। केवल एम्बुलेंस, दूध वितरण वाहन और स्कूल बसों को इस दौरान छूट दी जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि विभाग ने उनकी मांग पूरी नहीं की, तो इन वाहनों का संचालन भी बंद कर दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान वाहन स्वामियों ने परिवहन विभाग और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि यह उनका अधिकार है कि उन्हें सुविधाजनक और पारदर्शी तरीके से वाहन फिटनेस की सुविधा मिले।

**पंत जयंती पर ...**उन्होंने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय परिवार पंडित पंत जी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी से पूरे मनोयोग से योगदान देने और एक टीम में कार्य करने का आह्वान किया। इसके उपरांत भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी, उत्तराखण्ड के राज्यपाल, ले. जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी के संदेश को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं द्वारा सभी के समक्ष पढ़ा गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण एवं भारी संख्या में संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना द्वारा किया गया।

**टेलीग्राम पर झांसा...**अधिक लाभ दिलाने का लालच देकर फंड ट्रांसफर करवा लिया। इसमें विभिन्न लेन-देन जैसे 5,900, 1,000, 50,000 और 17,050 तथा 50,000 रुपये निकाल लिए गए। सोमेन ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने किसी भी बैंक खाते की गोपनीय जानकारी जैसे पासवर्ड, ओटीपी या बैंक डिटेल किसी को नहीं दी थी, जिससे यह घटना स्पष्ट रूप से साइबर ठगी का मामला है। पीड़ित ने तत्काल संबंधित बैंकों में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारी इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि धोखाधड़ी में शामिल व्यक्ति फॉड टेलीग्राम जैसे ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर रहे थे, जिसके जरिए लोगों को निवेश में अधिक लाभ का झांसा दिया जाता है।

**एडीएम ने किया...**साथ ही सरकारी कामकाज में भी गति आएगी। तहसील भवन के जर्जर हिस्सों को ध्वस्त कर आधुनिक शैली में नया भवन तैयार किया जाएगा, जिससे कार्यालयी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।निरीक्षण के दौरान और उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ,तहसीलदार गिरीशचंद्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रशासन का प्रयास है कि प्रस्ताव को शीघ्र मंजूरी मिल सके और निर्माण कार्य समय पर शुरू हो जाए।

**साईबर ठगों ने ...**डिजिटल लेनदेन के रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।साइबर अपराध विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के मामले आमतौर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी या फर्जी एप्स और लिंक के माध्यम से किए जाते हैं। ऐसे मामलों में बैंक और उपयोगकर्ता दोनों की सतर्कता अत्यंत जरूरी होती है। इस मामले में पुलिस ने कहा है कि दोषियों को पकड़ने और साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**संदिग्ध हालातों में...**उसके साथ मारपीट भी की गई थी। लोगों का कहना है कि मकान मालिक जबरन कमरा खाली करा रहा था और किराएदार का सामान बाहर फेंक दिया था। हालांकि मकान मालिक ने इस आरोप से इंकार किया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# हादसे में मारी गई महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस ने लोगों से की अपील

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्रांतर्गत भगवानपुर-काशीपुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में बीते वर्ष 8 दिसंबर 2023 को एक अज्ञात महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने मौके पर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव का अंतिम संस्कार किया, लेकिन व्यापक प्रयासों के बावजूद मृतका की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतका का हुलिया साझा करते हुए बताया कि महिला की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच है। कद लगभग 5 फुट 2 इंच है और रंग गेहुआ है। उसका चेहरा चकोर है, नाक चपटी व मोटी, होठ पतले हैं। घटना के समय उसने सफेद रंग के सूट पर भूरे रंग का प्रिंटेड सलवार पहन रखा था। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान के लिए विभिन्न स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील की है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई जानकारी हो तो रुद्रपुर पुलिस को सूचना देने दें। जानकारी देने के लिए पुलिस ने मोबाइल नंबर प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली रुद्रपुर 9411112901, एवं उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, जांचकर्ता 956834853 जारी किये हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# देर रात डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस,बड़ा हादसा टला

## किच्छा डी.डी. चौक से बड़ौदा बैंक तक डिवाइडर बना दुर्घटनाओं का कारण

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य मार्ग पर डी.डी. चौक से लेकर बड़ौदा बैंक तक बनाए गए डिवाइडर लोगों की परेशानी और सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह डिवाइडर ऊँचाई में छोटे और डिजाइन के लिहाज से असुरक्षित हैं, जिसके चलते रात के समय वाहन सवार अक्सर इन्हें देख नहीं पाते और दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। पिछली देर रात एंबुलेंस का डिवाइडर से टकराने से बड़ा हादसा टल गया। इसी मार्ग पर कुछ समय पहले भी कई वाहन डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग इस मामले में पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है और लगातार शिकायतों के बावजूद डिवाइडर पर कोई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा। देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय अरोड़ा और महामंत्री नितिन फुटेला ने डिवाइडर को तत्काल हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में यह डिवाइडर न तो ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने में कारगर साबित हो रहे हैं और न ही सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं। उल्टा यह लोगों की जान पर बन रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन डिवाइडरों को नहीं हटाया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को मजबूर होगा। व्यापारियों का कहना है कि इन डिवाइडरों के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। कई बार छोटे वाहन और दुपहिया सवार अचानक डिवाइडर से टकराकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं, रात्रि के समय स्ट्रीट लाइटें न होने से स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और लोनिवि से मांग की है कि या तो इन डिवाइडरों को तत्काल हटाया जाए या फिर इन्हें सुरक्षित मानकों के अनुसार दोबारा बनाया जाए। लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे से पहले इस समस्या का समाधान जरूरी है।



# अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी को चेकिंग के दौरान अब्दुल्ला नगर बॉर्डर के पास से दबोचा। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मंगलवार को अब्दुल्ला नगर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोका। पूछताछ में उसकी पहचान विष्णु पुत्र स्व. रामेश्वर कोली, निवासी करतारपुर रोड वार्ड नंबर 01, थाना गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर चला रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। हथियार अवैध पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ थाना गदरपुर में एफआईआर संख्या 255/2025, धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को बरामदगी के आधार पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान, कॉन्स्टेबल जीवन फुलेरा और विजेंद्र नेगी शामिल रहे।









# कच्ची शराब और स्मैक बिक्री पर चौकी प्रभारी को घेरा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ती कच्ची शराब और स्मैक की बिक्री को लेकर पूर्व विधायक नारायण पाल ने नाराजगी जताई। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल के साथ उन्होंने पुलिस चौकी प्रभारी का घेराव किया और चेतावनी दी कि यदि इस अवैध कारोबार पर कार्रवाई नहीं की गई तो पुलिस के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि तीन पानी से लेकर बाजार तक कई रेस्टोरेंटों में खुलेआम कच्ची शराब परोसी जा रही है। वहीं, रुदपुर गांव की रेडीमेड और परचून दुकानों पर भी कच्ची शराब का धंधा फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि घर-घर तक स्मैक पहुँच गई है। युवा इसकी चपेट में आकर बर्बादी की राह पर हैं और कई परिवार टूटने के कगार पर पहुँच चुके हैं। लगातार नशे के कारण मौतें भी हो रही हैं। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस बिना हेलमेट वाहन चालकों पर तो सख्ती करती है, लेकिन अवैध शराब और स्मैक बेचने वालों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने भी कहा कि पूर्व में तैनात चौकी प्रभारी समय-समय पर कार्रवाई करते थे, मगर नए चौकी प्रभारी के आने के बाद पिछले डेढ़ साल से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने कहा कि पुलिस अवैध शराब और स्मैक के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। बीते सप्ताह में पाँच लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में सहयोग करने की अपील भी की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, क्रांतिकारी सुब्रत विश्वास, पंचायत प्रतिनिधि समीर मल्लिक, राम विश्वास सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन 13 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में कानून व्यवस्था की दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। स्थिति के खिलाफ कांग्रेस आगामी 13 सितम्बर को धरना प्रदर्शन करेगी। जारी बयान में कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल व महानगर अध्यक्ष गोबिंद सिंह बिष्ट ने कहा कि आज आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं जबकि आम नागरिक भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा ऐसे हालात में हम सबका कर्तव्य है कि हम अपनी आवाज बुलंद करें और जनता के हकघ के लिए सड़क पर उतरें। इसी कड़ी में आगामी 13 सितम्बर दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से बुद्ध पार्क में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि समय पर अवश्य पहुँचकर प्रदेश की कघनून व्यवस्था को लेकर इस लोकतांत्रिक संघर्ष का हिस्सा बनें।

# मशहूर भजन गायक शेखर जयसवाल पहुंचे गदरपुर सनातन धर्म मंदिर

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्रतिष्ठित सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में उस समय आध्यात्मिक माहौल और उत्साह देखने को मिला जब प्रसिद्ध भजन गायक शेखर जयसवाल मंदिर में अपने नवीनतम भजन वीडियो की शूटिंग के लिए पहुंचे। यह अवसर मंदिर के लिए गर्व का क्षण बन गया।कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार, गदरपुर में किया गया जहाँ मंदिर के अध्यक्ष राजू भुड्डी ने शेखर जयसवाल पुष्पगुच्छ देकर सोलंकी सम्मान के साथ स्वागत किया। राजू भुड्डी ने इस मौके पर कहा शेखर जी जैसे प्रेरणादायक कलाकार का हमारे मंदिर में आगमन और भजन वीडियो की शूटिंग होना न केवल हमारे मंदिर के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे सनातन धर्म के प्रति आस्था भी मजबूत होगी। जब ऐसे वीडियो मंदिर में बनते हैं, तो मंदिर की महिमा और भी बढ़ती है। शेखर जयसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा मेरे हर भजन में एक संदेश होता है, विशेष रूप से युवाओं को जागरूक करने के लिए। मेरा उद्देश्य केवल भक्ति नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है।उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा मैंने पहले भी यह कहा है कि देवी-देवताओं की तस्वीरें पटाखों पर नहीं होनी चाहिए यह अपमानजनक है। हमारे धार्मिक प्रतीकों का सम्मान होना चाहिए। मेरा अनुरोध है कि युवा पीढ़ी सनातन धर्म को समझे, उससे जुड़े और उसका सम्मान करे।सभी ने शेखर जयसवाल के भजनों की सराहना की और उन्हें गदरपुर में फिर से आमंत्रित करने की इच्छा जताई। इस दौरान मंदिर के महामंत्री लेखराज नागपाल कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी अशोक हुड़िया, अजय खेड़ा, राजेश अग्रवाल, अनिल सुध ा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

